हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

11 बादली कॉलेज में मनाया रजत जयंती समारोह



12 पार्षद ने जताया विधायक राजेश जून का आभार



रिहायशी क्षेत्रों में भी घुसा पानी, सड़कें बनी तालाब, बाजार भी लबालब

# आफत बनकर बरस रहे बादल, शहरों में कामकाज ठप, गांवों में फसलें बर्बाद



झज्जर। शहर के पुराना बस अड्डा रोड पर हुए जलभराव के बीच गुजरते हुए वाहन व आमजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आसमान से लगातार बारिश के रूप में आफत बरस रही है। सड़कों, गली मौहल्लों से लेकर खेतों तक हुए जलभराव के कारण जन जीवन पूर्णतया प्रभावित हो गया है। बारिश के कारण शहर के अंबेडकर चौक, सिलानी गेट क्षेत्र, माता गेट, सीताराम गेट, बीकानेर चौक, भट्ठी गेट, महाराजा अग्रसेन चौक, पुराना बर्फखाना रोड, पुराना तलाव रोड, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र की सड़कों ने तालाब का रूप धारण कर लिया। इन स्थानों पर डेढ़ से दो फीट तक पानी भर गया। जिसके कारण वाहन चालकों, राहगीरों और दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं नीमआली कॉलोनी, राधा स्वामी कॉलोनी में जलभराव होने के कारण लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए।

### बाजरा, कपास व सब्जियों की फसल खराब

विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी बारिश होने की संभावना जता रहे है। जिससे लोगों को चिंता होने लगी है। उधर, बारिश के कारण जहां बाजार का कारोबार ठप्प हो गया है। वहीं किसानों की फसलें भी खराब हो रही है। सबसे अधिक नुकसान बाजरा, कपास और सब्जियों की फसल को हुआ है। बाजरे की बालियां काली पड़ने लगी है, वहीं कपास और सब्जियों की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है।

### प्रशासन अलर्ट पर, कंट्रोल रूम स्थापित किया

झज्जर। जिला प्रशासन ने बाढ़ व जलभराव की किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं और सभी अधिकारी और विभागीय प्रमुखों को अपने स्तर पर पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाइन नंबर 01251-254270 है। इसके अतिरिक्त सिंचाई विभाग का बाढ़ नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय कर दिया गया है, जिसका नंबर 01251-481707 है। उन्होंने बताया कि ये सभी नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेंगे और किसी भी आपात स्थिति में यहां संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकेंगे।



झज्जर। अंबेडकर चौक पर हुए जलभराव के कारण सड़क बनी तालाब।

## बहादुरगढ़ में बरसात ने लगाए वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक

बहादुरगढ़। सोमवार को इलाके में झमाझम बरसात हुई। बरसात से मौसम सुहावना हो गया। वहीं, जगह-जगह जलभराव की स्थिति हो गई। बरसाती पानी से भरे सड़कों के गड्ढों ने भी लोगों की खूब परेशानी बढ़ाई। इस सीजन अच्छी बरसात हो रही है। अगस्त के बाद अब सितंबर की शुरुआत भी बरसात के साथ हुई। एक सितंबर की सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे। दोपहर तक रुक रुक कर कभी धीमी तो कभी तेज बरसात हुई। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अचानक तेज बरसात हुई और काफी देर तक बादल जमकर बरसे। बरसात के इस मौसम ने लोगों को गर्मी और उमस से राहत दिलाई है।

### अधिकतम तापमान में भी गिरावट



अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। आगामी कुछ दिनों तक इसी तरह का मौसम और तेज बरसात की संभावना जताई जा रही है। वहीं, दूसरी तरफ बरसात के चलते शहर की कई कॉलोनियों और विभिन्न मार्गों पर जलभराव हो गया। जलभराव के चलते आवागमन प्रभावित हुआ। मुख्य सड़कों पर यातायात की रफ्तार थम गई। वहीं सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in
महंत बालकनाथ योगी
Chancellor, BMU
Zero Admission Fee* BMU SCHOLARSHIP PROGRAMS
or Free Laptop*
Eligibility Criteria
Marks 85% Above | Scholarship Upto 50%
Scholarship: Sibling, Single Girl Child, Physical Handicapped
Discount Upto 25% OFF
Admissions Open 2025-26
Programmes Offered by the University for Session 2025-26

FACULTY OF AYURVEDA — Fee Per Sem.
- BAMS 2,25,000/-

FACULTY OF NURSING
- ANM/GNM --------
- B.Sc. Nursing 1,05,000/-
- Post Basic B.Sc. Nursing 50,000/-

FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
- D.Pharmacy 37,500/-
- B.Pharmacy 45,000/-
- M.Pharmacy 50,000/-

FACULTY OF PHYSIOTHERAPY
- BPT/ MPT 45,000/-
- B.Sc. MLT 31,000/-
- Bachelor of Optometry 31,000/-

FACULTY OF SCIENCES
- B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics) 11,000/-
- M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) 21,000/-
- B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry) 11,000/-
- M.Sc. (Botany, Zoology) 21,000/-
- B.Sc. (Bio-Technology) 11,000/-
- M.Sc. (Bio-Technology) 21,000/-
- B.Sc. (Hons.) Agriculture 31,000/-

FACULTY OF LEGAL STUDIES — Fee Per Sem.
- B.A.L.L.B • LL.B • LL.M 27,500/-

FACULTY OF MANAGEMENT AND COMMERCE
- BBA 15,000/-
- BCA 17,500/-
- MBA • MCA 26,000/-
- B.Com. • M.Com. 11,000/-

FACULTY OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
- B.Tech. (CSE, ME, CE) 30,000/-
- M.Tech. (CSE, CE) 30,000/-

FACULTY OF HUMANITIES AND LIBERAL EDUCATION
- B.A.
- B.A. (Hons.) English
- B.A. Journ. & Mass Comm.
- B.Lib. & Info. Sci
- M.Lib. & Info. Sciences
- M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science)
(all above) 11,000/-
- M.A. Sanskrit • Shastri (UG) 2,500/-

Ph.D. (All Streams) As Per UGC Norms.
B.Ed. ₹ 22,000/- (Fee Per Sem.) *Affiliated with MDU,Rohtak
New Programmes
VLDD (Diploma in Veterinary) | B.Sc. Nursing | B.Sc. (Hon.) (Agriculture)
Application Fee - 1000 || Admission Fee UG-7500, PG-12500 || Exam Fee- UG-2500, PG-3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Terms & Conditions Apply

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

बहादुरगढ़। एसटीएफ बहादुरगढ़ ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से देशी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए। गश्त के दौरान सोलधा से यह आरोपी पकड़ा गया है। इसकी पहचान प्रवीण के रूप में हुई है। सोलधा का रहने वाला है।

### छुड़ानी में घर के बाहर से ट्रैक्टर चोरी

बहादुरगढ़। गांव छुड़ानी में एक मकान के बाहर से ट्रैक्टर चोरी हो गया। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। जगमेंद्र का कहना है कि उसने 29 अगस्त की रात को मकान के बाहर ट्रैक्टर खड़ा किया था। अगली सुबह देखा तो नहीं मिला। इसके बाद तलाश शुरू की। सीसीटीवी चेक किए तो दो नकाबपोश चोर ट्रैक्टर ले जाते नजर आए। उधर, पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विदेश गए व्यक्ति के खाते से निकले तीन लाख रुपये

### पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज

बहादुरगढ़। विदेश में रह रहे बहादुरगढ़ इलाके के एक व्यक्ति के खाते से तीन लाख से अधिक रुपये निकल गए। रुपये निकलने की वजह स्पष्ट नहीं है और निकालने वालों की पहचान भी नहीं हो सकी है। पीड़ित की पत्नी की ओर से इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रीति ने कहा है कि उसके पति सुरेश पिछले करीब एक साल से विदेश में हैं। उनके दो खाते हैं। एक सरकारी तो दूसरा प्राइवेट बैंक में है। पति के दोनों खाते से किसी ने तीन लाख दो हजार 550 रुपये निकाल लिए। गत 17 अगस्त को मुझे इस बात का पता चला। हमने किसी तरह की बैंकिंग एप या कार्ड आदि का इस्तेमाल नहीं किया, फिर भी अज्ञात कारणों से रुपये निकल गए। पति की ओर से भी रुपयों की निकासी नहीं की गई है। किसी शातिर ने हमारे साथ यह ठगी की है। इसके बाद मैंने 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। अब सदर थाने में केस दर्ज हो सका है। मामले में जांच कर आरोपियों का पता लगाकर रुपयों की रिकवरी कराई जाए। उधर, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जिन खातों में रुपये ट्रांसफर हुए हैं, इसका पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि लोग सतर्क रहें। यदि कोई वारदात हो जाए तो तुरंत शिकायत करें। बता दें कि खातों से निकलने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

## सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति सहित दो घायल

### इलाज के लिए पीजीआई जा रहे थे

बहादुरगढ़। महिला को में दर्द हुआ तो परिजन इलाज के लिए रोहतक ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में हुए सड़क हादसे ने उसकी जिंदगी लील ली। न केवल उसकी जान गई, बल्कि उसका पति व मौसी भी घायल हो गए। इस संबंध में आसौदा थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान करीब 27 वर्षीय प्रीति पत्नी नवीन के रूप में हुई है। दरअसल, प्रीति को पेट में तकलीफ थी। इसलिए उसका पति नवीन व मौसी शीला उसे ऑटो में बैठाकर रोहतक लेकर जा रहे थे। रास्ते में आसौदा मोड़ के निकट पहुंचे तो उनका ऑटो खराब हो गया। काफी प्रयास कि बाद भी स्टार्ट नहीं हुआ तो नवीन ने अपने भाइयों को बुलाया। भाई बाइक और दूसरा ऑटो लेकर वहां आ गए। सड़क किनारे प्रीति, शीला व नवीन बात कर रहे थे। इसी दौरान रोहतक की ओर से तेज गति में आई वैगनआर कार ने उनको टक्कर मार दी। तीनों को काफी चोट आई। उन्हें यहां नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां से पीजीआई रेफर कर दिए गए। ईलाज के दौरान अगले दिन प्रीति ने दम तोड़ दिया। शिकायतकर्ता नवीन ने कहा कि जब उसे होश आया तो उसकी पत्नी की जान जा चुकी थी। हादसा कार चालक की लापरवाही के कारण हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

केसीबी ड्रेन को बचाने के लिए मातन लिंक ड्रेन की पंपिंग बंद करवाने से डूबी फसल

# ड्रेन ओवरफ्लो होने से छुड़ानी में 500 एकड़ फसल जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव छुड़ानी में करीब 500 एकड़ धान की फसल पानी में डूब गई है। निकासी नहीं होने पर गांव के अंदर पानी घुसने का खतरा मंडराने लगा है। किसानों के अनुसार पिछले कई दिनों से मातन लिंक ड्रेन का बेहद कम पानी केसीबी ड्रेन में डाला जा रहा था। सोमवार सुबह इसे करीब ढाई घंटे के लिए पूरी तरह बंद करने पर मातन लिंक ड्रेन ओवरफ्लो होकर खेतों में बहने लगी। जानकारी के अनुसार मातन लिंक ड्रेन में करीब 135 से 150 क्यूसिक ज्यादा पानी आ रहा है। किसान अजीत सिंह, लाला, जगदीश और बेल सिंह आदि ने बताया कि मातन लिंक ड्रेन के पानी को पंपिंग के जरिए केसीबी ड्रेन में डालने के लिए 130 क्यूसिक क्षमता का पंपिंग स्टेशन बना रखा है। लेकिन पूरी व्यवस्था ठप कर दी गई है। मातन लिंक ड्रेन से पानी की पंपिंग और डिवाटरिंग को बंद करवाकर केसीबी को बचाने के लिए छुड़ानी गांव के किसानों को डुबोया जा रहा है। किसानों ने सरकार और प्रशासन से मातन लिंक ड्रेन की पंपिंग को फुल कैपेसिटी पर शुरू करने की मांग की है। साथ ही सरकार और प्रशासन से खराब हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग भी की है। केसीबी ड्रेन भी इस समय खतरे के निशान पर बह रही है। क्योंकि केसीबी ड्रेन की तरीके से सफाई नही की गई। केसीबी के तटबंधों को भी मजबूत नहीं किया गया।





बहादुरगढ़। मातन लिंक ड्रेन का पंप हाउस। इनसेट में खेतों में भरा पानी।

### जलभराव पर ये बोले अधिकारी

- बादली डिविजन के एसडीओ वेदपाल ने बताया कि केसीबी के खतरे के निशान पर आने के चलते एहितायातन मैसेज दिया गया था। मातन लिंक ड्रेन से पंपिंग की पूरी जिम्मेदारी मैकेनिकल डिविजन की है।
- मैकेनिकल डिविजन के एक्सईएन सतीश कुमार के अनुसार केसीबी ड्रेन से जुड़े अधिकारियों के निर्देश पर मातन लिंक ड्रेन से डिवाटरिंग को बंद की गई थी। केसीबी ड्रेन को बचाना जरूरी है, इसलिए ऐसा करना पड़ता है।
- एसई सतीश कुमार ने बताया कि केसीबी ड्रेन से जुड़े अधिकारियों के चेतावनी पर मातन लिंक ड्रेन से डिवाटरिंग बंद करवाने के आदेश दिए थे। अगर मातन लिंक ड्रेन टूटती है, तो एक छोटा क्षेत्र ही प्रभावित होगा
- एसई बलराज ने बताया कि उनकी तरफ से डिवाटरिंग को पूरी तरह बंद करने के कोई निर्देश नही दिए गए हैं। एक्सईएन बहादुरगढ़ और सांपला इस मामले को देख रहे हैं।



हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
2 सितंबर 2025

विशेष
शिक्षक दिवस
5 सितंबर



# सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला टाइम जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

## सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चे पर भी कोई ठहराव आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।

### वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात



हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनने-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता हैं। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही समय का पाठ समय ही पढ़ाता है।

## हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर



जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या काम-काजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है।

# ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज

हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।



वर्किंग वूमेन
प्रतिभा अग्निहोत्री

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

**पंक्चुअल रहें:** अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

### विनम्र-व्यवहार कुशल बनें



कोई भी गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।

**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

**वीकनेस पर वर्क करें:** अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**समय सीमा का ध्यान रखें:** हर काम की एक निश्चित समय सीमा होती है। बेहतर है कि आप अपने हर ऑफिसियल कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी बहुत अच्छी रहेगी।

**व्यवस्थित रहें:** अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके।

मेडिकल एडवाइस
डॉ. धीरज कपूर
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम

हाल के वर्षों में बहुत सी महिलाएं थायरॉइड की समस्या से ग्रसित हो रही हैं। क्या हैं इस रोग के कारण, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें, इससे बचाव और उपचार के बारे में डिटेल में जानिए।

# थायरॉइड जानें लक्षण-कराएं उपचार



हमारे शरीर में थायरॉइड नामक एंडोक्राइन ग्लैंड, गले के निचले हिस्से में स्थित होता है। इस ग्लैंड से खास तरह के हार्मोन टी-3 और टी-4 का स्राव होता है, जो शरीर की अनेक कोशिकाओं को सही ढंग से काम करने में मदद करते हैं। मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को नियंत्रित करने में भी इन दोनों हार्मोंस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी कमी या अधिकता से भूख, नींद, वजन, शारीरिक वृद्धि और मनोदशा प्रभावित होती है।

**रोग के कारण :** जब थायरॉइड ग्लैंड से निकलने वाले हार्मोन में असंतुलन हो जाता है तो व्यक्ति इससे संबंधित रोग से ग्रसित हो जाता है। इसके अलावा आनुवांशिकता, जन्मजात रूप से ग्लैंड की संरचना में कोई गड़बड़ी, एंटीबायोटिक्स या स्टेरॉयड दवाओं के साइड इफेक्ट से भी थायरॉइड ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**रोग के प्रकार:** आमतौर पर इस समस्या के दो रूप देखने को मिलते हैं, पहले प्रकार की समस्या को हाइपोथायरॉइडिज्म कहा जाता है। इसमें थायरॉइड ग्लैंड धीमी गति से काम करता है। इसकी वजह से शरीर के लिए आवश्यक हार्मोन टी-3 और टी-4 बहुत सीमित मात्रा में यानी जरूरत से कम मात्रा में बनता है। इससे टीएसएच हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो ग्लैंड को अधिक मात्रा में हार्मोन बनाने के लिए उत्प्रेरित करता है। दूसरी अवस्था को हाइपरथायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें टी-3 और टी-4 हार्मोंस अधिक मात्रा में बनने लगता है, इससे टीएसएच यानी थायरॉइड स्टिम्युलेटिंग हार्मोन का निर्माण सीमित मात्रा में होने लगता है। रिसर्च से यह तथ्य सामने आया है कि अधिकतर लोगों में हाइपो थायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर घटने की समस्या देखने को मिलती है। हाइपरथायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर बढ़ने की समस्या एक प्रतिशत लोगों में ही देखने को मिलती है।

**प्रमुख लक्षण :** इस रोग में अलग-अलग लक्षण दिख सकते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में जहां वजन बढ़ना, कब्ज, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन, पीरियड्स में अनियमितता, थकान और सुस्ती जैसे लक्षण नजर आते हैं, वहीं हाइपरथायरॉइडिज्म में वजन घटना, लूज मोशन, बेचैनी, पीरियड्स में ज्यादा ब्लीडिंग, चिड़चिड़ापन और अनिद्रा जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**रोग के साइड इफेक्ट्स :** थायरॉइड की समस्या के कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंसीव करने से पहले महिलाओं को थायरॉइड की जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। अगर कोई समस्या हो तो दवाओं के नियमित सेवन से उसे दूर करने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। अन्यथा इसकी वजह से मिसकैरेज और शिशु में जन्मजात मानसिक दुर्बलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

प्रस्तुतिः विनीता

### बचाव और उपचार



अगर थायरॉइड रोग से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो इसकी जांच अवश्य कराएं। अगर हाइपोथायरॉइडिज्म समस्या हो तो रोजाना सुबह खाली पेट दवाओं का सेवन जरूर करें। अगर हाइपरथायरॉइडिज्म हो, तो खाली पेट दवा लेना जरूरी नहीं है, आप किसी भी वक्त दवा ले सकती हैं। हर छह महीने के अंतराल पर नियमित जांच जरूरी है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में सोयाबीन, बंदगोभी और ब्रॉक्ली से परहेज करें। नियमित जांच और दवाओं का सेवन ही इसका एकमात्र उपचार है। गंभीर स्थिति में आयोडीन थेरेपी भी दी जाती है। यह जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, स्वस्थ आदतें अपना कर और दवाओं के नियमित सेवन से इसे आसानी से मैनेज किया जा सकता है।



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# ड्राय बालों की ऐसे करें केयर

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।



**तेल और दही :** आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।



**एलोवेरा जैल :** ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

**नीबू और दही :** बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।

**बाल बनेंगे मुलायम :** बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का



तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें।

# बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



पॉली बैग्स को कहिए 'ना'



ना होने दें पानी की बर्बादी



सोलर एनर्जी का करें यूज

अवेयरनेस
बुशरा फातमा

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

**जरूरतों को नियंत्रित करें:** कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान खरीदें।

**प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें:** अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिस्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

**रोकें पानी की बर्बादी:** यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, बाथरूम में नहाते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

**ऊर्जा की बचत है जरूरी:** घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है।

अगर आपकी है
रचनात्मक लेखन में रुचि



अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### सनातन रक्षा दल ने की प्रश्नोत्तरी को लेकर बैठक

**बहादुरगढ़।** रविवार को श्यामजी कॉम्प्लेक्स में सनातन रक्षा दल की एक मीटिंग हुई। जिसमें 7 सितंबर को होने वाली रामायण आधारित प्रश्नोत्तरी की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। भगवान परशुराम मंदिर में परीक्षा आयोजित होगी। मीटिंग में नागेंद्र लाकड़ा, अश्वनी कुमार बराही, सुशील भारद्वाज, कांता दलाल, राकेश शर्मा, नरेश राठी, पूजा व मनीषा आदि मौजूद रहे। व्यवस्था संभालने के लिए सभी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। टॉपर प्रतिभागियों को रामलीला में सम्मानित किया जाएगा।



**बहादुरगढ़।** समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएस नसीब कुमार।

### एसडीएम ने समस्याओं का किया समाधान

**बहादुरगढ़।** लघु सचिवालय में सोमवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर पहुंचे। शिविर में एसडीएम नसीब कुमार ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। एसडीएम ने शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए समाधान के निर्देश दिए।

# कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी

## चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय बादली में मनाया रजत जयंती समारोह


- हवन से शुरू हुआ कार्यक्रम, मौजिज लोगों को किया सम्मानित एलुमनाई मीट भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को रजत जयंती समारोह पूरी धूमधाम से मनाया गया। समारोह की शुरुआत हवन से हुई। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बादली में कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र को हुए फायदों का उल्लेख किया।

हवन में पुरोहित की भूमिका राजकीय महाविद्यालय रोहतक के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. जगदेव शास्त्री ने निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्या के साथ श्रेष्ठ आचरण अपनाने का आग्रह किया। समारोह के आरंभ में महाविद्यालय की स्थापना व सफल संचालन में सहायक रहे तथा दिवंगत हो चुके लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान ने उपस्थित लोगों के समक्ष कॉलेज की स्थापना से अब तक का इतिहास रखा। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों का वर्णन किया। उन्होंने भावी योजनाओं से भी श्रोताओं को अवगत कराया। नेहरू महाविद्यालय झज्जर के पूर्व प्राचार्य डॉ खजान सिंह गुलिया, राजकीय महाविद्यालय बादली की पूर्व प्राचार्या डॉ निशा वाधवा, पूर्व प्राचार्य डॉ एसएन शर्मा, पूर्व प्राचार्य डॉ रणबीर कादयान, समाजसेवी होशियार सिंह, एडवोकेट अरविंद गुलिया, सरपंच आनंद गुलिया, पूर्व छात्र राजीव मान आदि ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। साथ ही महाविद्यालय के स्टाफ की खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम में मौजिज क्षेत्रवासियों के साथ स्व. धीरपाल की पुत्री रीना गुलिया व सिमरन गुलिया को भी सम्मानित किया गया।





- प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान ने उपस्थित लोगों के समक्ष कॉलेज की स्थापना से अब तक का इतिहास रखा और उपलब्धियां बताई



### पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए

समारोह में कॉलेज के पुराने स्टाफ व पूर्व विद्यार्थियों के साथ ग्रामीणों ने भाग लिया। पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए।



**झज्जर।** लघुसचिवालय परिसर स्थित कार्यालय का निरीक्षण करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### लघु सचिवालय परिसर में सरकारी कर्मचारियों ने किया श्रमदान

**झज्जर।** हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभी सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने स्वयं श्रमदान करते हुए अभियान में सक्रिय भागीदारी की और कर्मचारियों को प्रेरित किया। डीसी ने अभियान उपरांत लघु सचिवालय के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि प्रत्येक सरकारी कार्यालय में यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी प्रकार का अनुपयोगी सामान या फाइलें बेवजह इकट्ठी न पड़ी हों। ऐसे सामान का निस्तारण तय प्रक्रिया के तहत समय पर किया जाए।



### नींबू-चम्मच दौड़ में दीपिका पहले और सुषमा दूसरे स्थान पर रही

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में खेल उत्सव के तीसरे दिन लेमन-स्पून दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रा वर्ग में दीपिका ने पहला, सुषमा ने दूसरा और खुशबू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र वर्ग में नितेश ने पहला, नितिन ने दूसरा और योगेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डॉक्टर अरुण, शिव शंकर और देवेंद्र ने प्रतियोगिता का निर्णय किया। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मुकुल ने जैवलिन थ्रो में जीता सिल्वर मेडल

- अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए किया क्वालिफाई
- पिता प्रदीप और कोच नवीन को दिया श्रेय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पेस ग्रुप के ग्यारहवीं कक्षा के छात्र मुकुल ने जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालिफाई किया है। ग्रुप निदेशक जय विकास ने बताया कि मुकुल ने ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के खेलों में सिल्वर मेडल जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालिफाई किया है।

उन्होंने इस सफलता का श्रेय मुकुल, उनके पिता प्रदीप और कोच नवीन की मेहनत को देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सिरसा ने जीता राज्य वाटरपोलो का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एचएल सिटी स्थित चैम्पियंस एक्वेटिक एकेडमी में हुई हरियाणा राज्य वाटरपोलो प्रतियोगिता की पुरुष श्रेणी में सिरसा ने खिताब जीत लिया। सिरसा की टीम ने जींद की टीम को 4-2 के अंतर से हराया। करनाल की टीम ने सोनीपत टीम को 7-5 के अंतर से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव एवं हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा में तैराकी के साथ साथ वाटरपोलो को भी प्रमोट किया जा रहा है।

इस मौके पर महेंद्र पहलवान, सुरेश जून, सुनील खत्री, अनिल, बलवान काद्यान, सत्यनारायण, साई जाधव, पदमपाल, कृष्ण मुरारी और विशाल आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** वाटरपोलो की विजेता टीम के साथ अनिल खत्री व अन्य।

# सच बोलने वाला इंसान हमेशा रहता है सुखी : सुनील जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जैन समाज के चल रहे दशलक्षण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भगवान महावीर का अभिषेक एवं आरती की गई। दशलक्षण पर्व के दौरान जटवाड़ा मौहल्ला, अग्रवाल कॉलोनी व संत कॉलोनी के जैन मंदिरों के साथ ही पांडुशिला पर अनेक आयोजन हो रहे हैं। सोमवार प्रातः विशेष रूप से दशलक्षण पर्व पूजा की गई। शशि अश्वनी जैन ने कहा कि दशलक्षण पर्व का पांचवां दिन उत्तम सत्य धर्म का दिन है, सत्य का अर्थ है सच बोलना। एक सच छुपाने को दस झूठ बोलने पड़ते हैं, लेकिन सच सामने आ ही जाता है। सुनील जैन ने कहा कि मनुष्य सच्चाई के रास्ते पर चले और जीवन में किसी को धोखा न दे। पवन कुमार जैन ने कहा कि सच बोलने वाला इंसान हमेशा सुखी रहता है।



**बहादुरगढ़।** पांडुशिला पर सोमवार को पूजा करते जैन धर्मावलंबी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान राकेश जैन, तरसेम जैन, अरविंद जैन, आनंद जैन, बिजेंद्र जैन, मुनीष जैन, दीपक जैन, विक्रांत जैन, राजीव जैन, राजबाला जैन व सरीता जैन आदि मौजूद रहे।




# जसौरखेड़ी में निकिता बनी मिस फ्रेशर

- स्पर्धाओं में रैंप वॉक और नृत्य में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अनेक टाइटल जीते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में नई छात्राओं का स्वागत किया गया। इस दौरान हुई स्पर्धाओं में रैंप वॉक और नृत्य में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अनेक टाइटल जीते। निकिता मिस फ्रेशर तथा सुचिका मिस पर्सनालिटी चुनी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संदीप, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. सुनील कुमार, अजय कुमार व अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने सुनी समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं, 26 शिकायतें दर्ज

**झज्जर।** सोमवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। शिविर में कुल 26 शिकायतें दर्ज की गईं।

डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान तय समय-सीमा में किया जाए और कार्यवाई की रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समाधान शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ किया जाना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### राजकीय नेहरू कॉलेज की कैडेट दिल्ली थल सैनिक कैंप में लेगी भाग

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की कैडेट निशा नई दिल्ली में अखिल भारतीय थल सैनिक शिविर के लिए चयनित हुई है। वह पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व एप्लीकेशन फायरिंग प्रतियोगिता में करेगी। निशा रोहतक ग्रुप मुख्यालय की एकमात्र छात्रा कैडेट है। जिसने इस कैंप के लिए क्वालीफाई किया है। निशा ने पिछले वर्ष अक्टूबर में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान पहली बार रायफल थामी थी। शानदार प्रदर्शन के कारण उसे पहले बटालियन टीम में तथा बाद में ग्रुप स्तर पर चयनित किया गया।



# दिल्ली में दिखा बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप का जलवा




**बहादुरगढ़।** दिल्ली के द्वारका में हुई हाफ मैराथन और वसंत विहार में हुई ग्रीन यमुना हाफ मैराथन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने अपनी प्रतिभा फिर सिद्ध की है। द्वारका हाफ मैराथन में बीआरजी के 35 धावकों ने शिरकत और कई पदक जीते। बीआरजी के संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि द्वारका हाफ मैराथन में बीआरजी के 35 धावकों ने हिस्सा लिया। कर्नल कृष्ण बधवार ने 21 किलोमीटर दौड़ में अपने आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। गुलाब ने 21 किलोमीटर दौड़ में दूसरा स्थान पाया। अशोक कुमार ने 21 किलोमीटर 60 प्लस आयु वर्ग में पहला, ब्रह्मप्रकाश मान ने 10 किलोमीटर में दूसरा स्थान, कृष्णा राणा ने महिलाओं में पहला स्थान प्राप्त किया। रणधीर गुलिया ने 5 किलोमीटर 60 प्लस आयु वर्ग में पहला और धर्मवीर सेन ने 15 किलोमीटर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। नवनीत, विकास राठी, आकाश, कुलवंत सिंह, रविंद्र आर्य, प्रमोद कुमार व सिकंदर लांबा ने भी दमदार प्रदर्शन किया। एंटनी, राजपाल, चरण सिंह, अमृत कौर, सुनील सिकरी और दीपक ने भी दौड़ पूरी की। वसंत विहार में आयोजित की गई ग्रीन यमुना हाफ मैराथन में भी बीआरजी के धावकों ने अपना जलवा बिखेरा। किरण नरुला ने महिला वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## कैंब्रिज इंटरनेशनल वमावि में विशेष प्रार्थना सभा का किया गया आयोजन

# विद्यार्थियों ने ली विद्यालय के प्रति समर्पण की शपथ

- तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों ने कविताओं की प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान विषय पर कार्यक्रम का आयोजन कियां गया। विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रति समर्पण और गौरव की शपथ ली। कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों ने विषय संबंधी भाषण एवं कविताओं की प्रस्तुति दी। उन्होंने विद्यालय को शिक्षा, संस्कार और व्यक्तित्व विकास का आधार बताते हुए अपने विचार रखे। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं बल्कि जीवन मूल्यों का केंद्र है। यदि हम अपने विद्यालय का सम्मान करेंगे तो यह सम्मान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाएगा। इस दौरान प्राचार्य विनोद कुमार, उपप्राचार्या संगीता जून, कोर्डिनेटर प्रियंका शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** विद्यालय के प्रति समर्पण की शपथ लेते हुए विद्यार्थी।

## अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अटल सदन प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में सोमवार को अंतरसदनीय सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता का मंच संचालन प्राध्यापिका सुमन जाखड़ और प्राध्यापक मनोज शर्मा ने किया।

प्रतियोगिता परिणामों में अटल सदन ने 95 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रमन सदन 92 अंकों के साथ द्वितीय और पटेल सदन 76 अंकों के साथ तृतीय रहा। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने बताया कि सामाजिक विज्ञान हमें अतीत और वर्तमान की घटनाओं के बारे में बताता है। इससे हमें अपने गौरवशाली इतिहास का पता चलता है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर के रमेश गुलिया व सचिव विशाल नेहरा ने भी विद्यार्थियों को सामाजिक विज्ञान की महत्ता पर जानकारी देते हुए विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुशीला देवी (पत्नी) रिया (पुत्री) सुशान्त (पुत्र) स्व. मान सिंह निवासी 7 बिसवा, जटवाड़ा मौहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3BN9GU12, Ward No. 16/747 कॉलोनी जटवाडा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 40 से 34 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0185469208 द्वारा अप्लाई किया है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति नं. 3BN9GU12 वार्ड नं. 16/747 कॉलोनी जटवाडा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नं. 3BN9GU12 वर्ग गज प्रार्थी सुशीला देवी (पत्नी) रिया (पुत्री) सुशान्त (पुत्र) स्व. मान सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जायेगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रानी (पत्नी) रचना (पुत्री) रोहित (पुत्र) स्व. सुनील निवासी शिव चौक नजफगढ़ रोड़ जटवाड़ा मोहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3WNRT81, Ward No. 16/749 कॉलोनी जटवाडा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 49.33 से 18 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0185506342 द्वारा अप्लाई किया है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति नं. 3WNRT81 वार्ड नं. 16 कॉलोनी जटवाडा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पत्ति नं. 3WNRT81 वर्ग गज प्रार्थी रानी (पत्नी) रचना (पुत्री) रोहित (पुत्र) स्व. सुनील के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जायेगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

## खबर संक्षेप

### ईशा ने 4 और आदित्य ने जीते 3 पदक



**बहादुरगढ़।** अभिनव शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने 40वीं दिल्ली स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 7 पदक जीते। ईशा ने 10 मीटर एयर राइफल वूमेन कैटेगरी में सब युद्ध कैटेगरी में गोल्ड, यूथ कैटेगरी में सिल्वर, जूनियर कैटेगरी में सिल्वर और सीनियर कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। आदित्य ने युद्ध कैटेगरी में सिल्वर, जूनियर कैटेगरी में गोल्ड और सीनियर कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता। कोच प्रदीप कुमार ने दोनों शूटरों को बधाई दी।

### गणपति धाम में कल होगी कोबी की एजीएम

**बहादुरगढ़।** कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के दूसरे सत्र की प्रथम वार्षिक आम बैठक बुधवार 3 सितंबर को बुलाई गई है। अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महासचिव प्रदीप कौल व कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि बुधवार दोपहर 3 बजे गणपति धाम स्थित कोबी कार्यालय में यह बैठक होगी। वार्षिक आम बैठक में कोबी के पिछले वर्ष की वित्तीय स्थिति, प्राप्तियों व व्ययों का विस्तृत लेखा-जोखा, विभिन्न गतिविधियों का विवरण तथा आगामी वर्ष की कार्य-योजना एवं प्राथमिकताओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी।

### जिला मैनुअल स्कैवेंजिंग से हुआ मुक्त : डीसी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता निदेशालय, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से प्राप्त पत्र के अनुसार जिले में मैनुअल स्कैवेंजिंग (हाथ से मैला ढोने की प्रथा) पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।

### गर्ल्स कॉलेज में सेमिनार आज

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में मंगलवार 2 सितम्बर को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। प्रिंसिपल अलका गुलाटी ने बताया कि सेमिनार में हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार सांझा करेंगी। एसीपी अनिरुद्ध विशेष वक्ता के रूप में साइबर अपराध की रोकथाम एवं सुरक्षित डिजिटल जीवन शैली पर छात्राओं को मार्गदर्शन देंगे।

## पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने संवाद भवन में ली बैठक

# स्कूल वाहनों में गाइडलाइन का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई

*बसों में सीसीटीवी, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि यंत्र, रिफ्लेक्टर टेप, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य*



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि





झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार को पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने संवाद भवन में हरियाणा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिले के सभी निजी स्कूल संचालकों के साथ मीटिंग की।

### संचालकों को निर्देश

पुलिस कमिश्नर ने जिले के सभी स्कूल संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने स्कूल में प्रयोग किए जाने वाले वाहनों में सरकार द्वारा जारी सभी मानकों का पालना करें। बसों में सीसीटीवी, फर्स्ट ऐड बॉक्स, अग्नि यंत्र, रिफ्लेक्टर टेप, हाई सिक्युरिटी नंबर प्लेट तथा सभी संबंधित व आवश्यक दस्तावेज होने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षित यात्रा के संबंध में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी स्कूल बसों में सरकार की हिदायत अनुसार एक सीसीटीवी आगे और एक पीछे लगा होना चाहिए।

### परमिट या स्वीकृति पत्र पास होना अनिवार्य


उन्होंने कहा कि बस संचालक के पास स्कूल वाहन का परमिट या स्वीकृति पत्र पास होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि स्कूल बस में कार्यरत ड्राइवर और उनके सहायकों की पुलिस वेरीफिकेशन जरूर करवाएं। बसों में निर्धारित संख्या से ज्यादा बच्चे नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल बस पीले रंग की होनी चाहिए और उस पर नीले गहरे रंग की पट्टी लगानी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि बसों की स्पीड कंट्रोल करने के लिए स्पीड गवर्नर लगे होने चाहिए। इसके अलावा बसों पर आगे तथा पीछे स्कूल बस अवश्य लिखा होना चाहिए। इस दौरान डीसीपी लोगेश कुमार, डीसीपी मयंक मिश्रा, एडीसी जगनिवास, जीएम रोडवेज संजीव कुमार, डीईओ राजेश कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### हादसों को रोकने के लिए विभाग समन्वय के साथ करें काम

*झज्जर। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की और सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले चालकों के चालान किए जाएं और साथ ही उन्हें जागरूक भी किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को डेढ़ लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सरकारी योजना का लाभ दिया जाता है।*

### जीपीएस सिस्टम लगा होना चाहिए

जिनमें डिजिटल वीडियो रिकॉर्डिंग, जूम आदि के साथ अच्छी रिकॉर्डिंग करने की क्षमता होनी चाहिए। स्कूली बसों में लड़कियां यात्रा करती है, तो उन बसों में महिला अटेंडेंट का होना अनिवार्य है। इसके अलावा स्कूल बसों में जीपीएस सिस्टम लगा होना चाहिए। बस ड्राइवर के पास बस चलाने का कम से कम पांच साल का अनुभव होना आवश्यक है।



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून का आभार जताते धाकरे दंपति। फोटो : हरिभूमि

## पार्षद ने जताया विधायक राजेश जून का आभार

- छोटूराम नगर में एसटीपी के 18 करोड़ व 9 करोड़ की सुपर सकर मशीन स्वीकृत करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वार्ड नंबर-10 की पार्षद राजकुमारी धाकरे सोमवार को विधायक राजेश जून के कार्यालय में पहुंची। उन्होंने छोटूराम नगर की समस्याओं को विधानसभा में उठाने और उनके समाधान के लिए विधायक राजेश जून का आभार जताया। पार्षद राजकुमारी धाकरे ने कहा कि विधायक के प्रयासों से छोटूराम नगर स्थित एसटीपी को अपग्रेड करने के लिए 18 करोड़ की धनराशि और सीवर पाइप लाइनों की सफाई के लिए 9 करोड़ रुपए से सुपर सकर मशीन की खरीद मंजूर हुई है। इससे क्षेत्र की सीवरेज की समस्या का स्थाई समाधान होगा। पार्षद प्रतिनिधि हरिमोहन धाकरे व वार्डवासियों ने फूलमालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर विधायक राजेश जून का सम्मान किया।

विधायक राजेश जून ने कहा कि बहादुरगढ़ के विकास में किसी तरह की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना और हलके का सर्वांगीण विकास करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है।

## 81 किलोमीटर स्वीमिंग में द्वितीय रही काम्या

- हरियाणा तैराकी संघ करेगा सम्मानित

**बहादुरगढ़।** मुर्शिदाबाद स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 79वीं वर्ल्ड लॉन्गेस्ट 81 किलोमीटर स्विमिंग चैंपियनशिप में हरियाणा की काम्या भारद्वाज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने काम्या को बधाई देते हुए कहा कि 81 किलोमीटर तैराकी की दूरी को तय करने वाली काम्या हरियाणा की पहली महिला तैराक है। प्रधान एवं सांसद धर्मबीर सिंह की अगुवाई में हरियाणा तैराकी संघ की तरफ से काम्या को सम्मानित किया जाएगा।

## किक बॉक्सरों ने चेन्नई में जीते पदक

**बहादुरगढ़।** झज्जर जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चेन्नई में हुई नेशनल सब जूनियर किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में यहां के खिलाड़ियों ने पांच पदक जीते हैं। इनकी जीत पर खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। दरअसल, तमिलनाडु के चेन्नई स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम इंडोर हॉल में 27 से 31 अगस्त तक यह आयोजन हुआ था। इसमें झज्जर के छह खिलाड़ियों, एक कोच और एक रेफरी ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के 55 किलो भार वर्ग में दरियापुर के कार्तिक कुमार ने गोल्ड मेडल जीता, वहीं 40 किलो भारवर्ग में बादली के केनव गुलिया ने सिल्वर पर कब्जा जमाया। इसी तरह ईसापूर के हनीश डागर ने ब्रांज मेडल हासिल किया। इनके अलावा वंश राज, निखिल कुमार और वीर गुलिया ने भी दमदार खेल का प्रदर्शन किया।





बहादुरगढ़। जिले के पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### एसोसिएशन ने खिलाड़ियों को सराहा

*झज्जर की टीम का नेतृत्व कोच मधु कुमारी ने किया, जबकि कोच जसवंत सिंह ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन अध्यक्ष हवा सिंह मलिक, नरेंद्र कुमार, सुमित नारा, राजपाल डागर, अनुज वधवा, रविंद्र कुमार और रिंकू गुलिया ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।*

## सीएनजी आपूर्ति बहाल, वाहन चालकों को राहत

- बागपत में सीएनजी पाइपलाइन धमाके के साथ दो स्थानों पर फट गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लगभग दो सप्ताह की परेशानी के बाद बहादुरगढ़ के सीएनजी पंपों पर सोमवार से ऑनलाइन गैस आपूर्ति बहाल हो गई। आपूर्ति शुरू होते ही पंपों पर एक बार फिर रौनक लौट आई। पंप मालिकों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। दरअसल, 16 अगस्त को बागपत के मवीकलां क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के पास यमुना नदी के नजदीक गेल कंपनी की सीएनजी पाइपलाइन तेज धमाके के साथ दो स्थानों पर फट गई थी। इस घटना के बाद हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गैस सप्लाई बाधित हो गई थी। तब से मरम्मत कार्य जारी था। ऑनलाइन आपूर्ति बंद रहने के दौरान बहादुरगढ़ में रोजाना होने वाली करीब एक लाख किलोग्राम सीएनजी की खपत के मुकाबले केवल 15 प्रतिशत गैस ही ट्रकों के माध्यम से उपलब्ध हो पा रही थी।

इस वजह से वाहन चालकों को दिल्ली के पंपों का रुख करना पड़ रहा था। दिल्ली के पंपों पर वाहनों की लंबी कतार लग रही थी।



बहादुरगढ़। फिलिंग स्टेशन पर सीएनजी डलवाते वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

### चिंता खत्म

जय जवान जय किसान फिलिंग स्टेशन के संचालक प्रदीप जून ने बताया कि सप्लाई शुरू होते ही स्थिति में सुधार आना शुरू हो गया है। अब वाहन चालकों को राहत मिलेगी और दिल्ली के पंपों पर भी दबाव कम होगा। ऑनलाइन सीएनजी आपूर्ति बहाल होने से पंप संचालकों की चिंता खत्म हुई है और धीरे-धीरे कामकाज पटरी पर लौटने की उम्मीद जताई जा रही है।

## इंडस्ट्रियल विजिट पर मानेसर गए विद्यार्थी





**बहादुरगढ़।** सैनिक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी इंडस्ट्रियल विजिट पर मानेसर गए और होंडा के टू व्हीलर यूनिट का भ्रमण किया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने बताया कि इस दौरान औद्योगिक गतिविधियों रूबरू होते हुए छात्र कंपनी की आधुनिक तकनीक और प्रक्रियाओं से परिचित हुए। उन्हें सड़क सुरक्षा और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। कंपनी ने प्रत्येक छात्र को यादगार स्वरूप हेलमेट दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

## अजय कुमार बने एमपीएचई एसोसिएशन के ब्लॉक प्रधान

विकास कुमार सचिव व सुनीता देवी को कोषाध्यक्ष बनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सोमवार को एमपीएचई एसोसिएशन द्वारा जमालपुर ब्लॉक की कार्यकारिणी का चुनाव कराया गया। एसोसिएशन के राज्य सह सचिव सुखविंद्र सिंह और जिला प्रधान प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित में हुए चुनावों में सर्व सम्मति द्वारा अजय कुमार को प्रधान, विकास कुमार को सचिव, सुनीता देवी को कोषाध्यक्ष, रणवीर सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, वीरेंद्र सिंह को मुख्य सलाहकार व रामपाल को उपप्रधान चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को राज्य सह सचिव सुखविंद्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वे अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करेंगे। वे कर्मचारियों की मांगों व अपने कार्यों को प्राथमिकता देते हुए समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। इस मौके पर सतीश कुमार, वीरेंद्र दलाल, हेल्थ इंस्पेक्टर अशोक कुमार व अन्य मौजूद रहे।



झज्जर। मीटिंग में उपस्थित एमपीएचई एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य।

## गणेश स्तुति कर सुख-स्मृद्धि की कामना

**बहादुरगढ़।** गणेश उत्सव की सोमवार को भी हर तरफ धूम रही। मेन बाजार में बालक हितैषी सेवा समिति द्वारा मनाए जा रहे 21वें श्रीगणेश महोत्सव कार्यक्रम में पूर्व पार्षद गुरदेव राठी ने सहपरिवार शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्री गणेश की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। शहर में गणपति बप्पा मोरिया के नारों की गूंज हर तरफ सुनाई दे रही है। पुरानी सब्जी मंडी में सजे गणपति पांडाल में पूजा अर्चना करते हुए पूर्व पार्षद गुरदेव राठी ने कहा कि बुद्धि और विद्या के देव गणपति अपने हर स्वरूप में युवाओं को प्रेरित करते हैं।



बहादुरगढ़। गणपति पांडाल में पूजा अर्चना करते पूर्व पार्षद गुरदेव राठी व अन्य।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय

भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर अंकित शर्मा, जोनी गुप्ता, नीरज श्योराण, तरुण सैनी, रविकांत भोसले, राम अवतार गुप्ता, सचिन सैनी, विशाल, अन्नु वालिया, रोहित सैनी, अमन सैनी, अंकित रोहिला, नितीन शर्मा, योगेश सैनी, जोनी सैनी, मोनू शर्मा, निसु रोहिला, बिट्टू सैनी, गौरव, मंयक जैन, लोकेश जांगड़ा, राहुल सैनी, दीपक सैनी, धीरज शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## पीजी कक्षाओं में एडमिशन के लिए गांवों की चौपालों में पंचायतों का दौर शुरू

# राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में दाखिलों के लिए अभियान में जुटे ग्रामीण, जागरूक करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में पीजी कक्षाओं में दाखिले के लिए गांवों की चौपालों में पंचायतों का दौर शुरू हो गया है। सोमवार को गांव की जालवाली चौपाल में सूबे सिंह की अध्यक्षता में पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेते हुए तन-मन-धन से जुट जाने का संकल्प लिया। पंचायत में सुखचंद कादियान व अजय सिंह ने कॉलेज सुधार अभियान का एजेंडा पेश किया। पूर्व जिला पार्षद मास्टर जय भगवान ने कहा कि हमारे युवाओं के लिए कॉलेज सबसे बड़ा धाम है। शिक्षाविद सूरजभान, राजवीर कौशिक व सुखबीर मलिक ने कहा कि दाखिले के लिए दादरी जिले के साथ लगते गांवों में भी युवाओं का बड़ा रुझान है।



झज्जर। पंचायत में उपस्थित दूबलधन के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### पढ़ाई के लिए निगरानी कमेटी बनेगी

एमडीयू के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान राजकुमार शर्मा ने कहा कि कॉलेज के पुनरुत्थान में विश्वविद्यालय व प्रशासनिक स्तर पर कोई रुकावट नहीं आने दी जाएगी। पंचायत में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि वे कॉलेज का लक्ष्य पूरा करने के साथ-साथ पढ़ाई के माहौल के लिए निगरानी कमेटी बनाकर सेवा देंगे। प्रचार अभियान के दौरान बाकरा में यादराम कौशिक, पुरुषोत्तम कौशिक, पूर्व सरपंच अशोक व कैप्टन जगदीश, ढराणा गांव में सुरेंद्र, बल्ला नंबरदार, प्रवीण नंबरदार, सुंदर सरपंच, चिमनी में विकास, संजीव कादियान, बिल्लू, संजीत, पप्पू सिवाना में सतवीर सिंह, प्रमोद, भागमल, पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र, संजय और बिगोवा में कृष्ण सरपंच, रिटायर्ड मुख्याध्यापक दिलबाग सिंह, मुकेश जाखड़, जगबीर सिंह आदि शामिल रहे।



झज्जर। वितरित किए गए पौधों के साथ विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों में वितरित किए पौधे

**झज्जर।** दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महराना में सोमवार को विद्यार्थियों को पर्यावरण सरंक्षण का महत्व बताते हुए जागरुक किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने की शपथ दिलाई। स्कूल प्रबंधक रामचंद्र शर्मा द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए विद्यार्थियों को पेड़ वितरित करते हुए कहा कि वे अपने आस-पास में पौधारोपण करते हुए उसकी देखभाल का जिम्मेवारी भी लें।